# डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
**Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow**
उत्तर प्रदेश सरकार

प्रेषक

**कुलसचिव,**
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

सेवा में,

(1). **निदेशक,**
दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

(2). **समस्त विभागाध्यक्षगण,**
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

(3). **विभागाध्यक्षों से भिन्न समस्त आचार्य,**
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

(4). **डॉ0 संजीव गुप्ता,**
एसोसिएट प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग,
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

(5). **श्री आशीष कुमार गुप्ता,**
असिस्टेण्ट प्रोफेसर, दृष्टिबाधितार्थ विभाग,
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

पत्रांक :1464 / पत्रा.सं0–568(द्वितीय) / डा.श.मि.रा.पु.वि. / वि0परि0 / 2021–22 दिनांकः 2 नवम्बर, 2021

**विषयः– डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ की मा0 विद्या परिषद की 21वीं बैठक दिनांकः 25 अक्टूबर, 2021 की कार्यवृत्त प्रेषण के सम्बन्ध में।**

महोदया / महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ की मा0 विद्या परिषद की 21वीं बैठक दिनाँकः 25 अक्टूबर, 2021 को लिए गये निर्णयों का कार्यवृत्त की छायाप्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित किये जाने का निदेश हुआ है।

संलग्न– यथोपरि।

भवदीय,
2/11/2021
(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव

# डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
## की मा0 विद्या परिषद की
## 21वीं बैठक दिनाँकः 25 अक्टूबर, 2021 को आहूत बैठक का कार्यवृत्त

| | |
|---|---|
| समय– | पूर्वाह्न : 11:00 बजे |
| स्थान– | प्रशासनिक भवन, पंचम तल स्थित सभागार, डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ। |

उपरोक्त कार्यक्रमानुसार विश्वविद्यालय की मा0 विद्या परिषद की 21वीं बैठक विश्वविद्यालय के पंचम तल स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में सदस्यों की उपस्थिति संलग्नक के अनुसार रही। बैठक में विभिन्न एजेण्डा बिन्दुओं पर विस्तृत विचार–विमर्श के उपरान्त निम्नानुसार निर्णय लिये गयेः–

| क्र0सं0 | विषय |
|---|---|
| 1/21 | **मा0 विद्या परिषद की 20वीं बैठक हेतु निर्गत कार्यवृत्त की पुष्टि के सम्बन्ध में।** |
| | **निर्णयः**–मा0 विद्या परिषद की 20वीं बैठक दिनाँक 24 अगस्त, 2021 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई। |
| 2/21 | **मा0 विद्या परिषद की 20वीं बैठक दिनाँक 24 अगस्त, 2021 में लिये गये निर्णयों के अनुपालन के सम्बन्ध में।** |
| | **निर्णयः**–मा0 विद्या परिषद, 19वीं बैठक दिनाँक 24 अगस्त, 2021 में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या से अवगत हुई। |
| 3/21 | **विश्वविद्यालय में संचालित पी0डी0सी0डी0 पाठ्यक्रम में सीटें बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में।** |
| | **निर्णयः**–मा0 विद्या परिषद की आहूत बैठक में अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में विगत कुछ वर्षों से श्रवणबाधित विद्यार्थियों हेतु द्विवर्षीय पी0डी0सी0डी0 (प्री–डिग्री सर्टिफिकेट कोर्स फॉर डेफ स्टूडेन्ट्स) पाठ्यक्रम का संचालन किया जा रहा है, जिसमें 100 प्रतिशत सीटें श्रवणबाधित दिव्यांग विद्यार्थियों हेतु आरक्षित है। यह एक विशेष प्रकार का पाठ्यक्रम है जो श्रवण दिव्यांगजन की विशिष्ट शैक्षिक आवश्यकताओं के दृष्टिगत संचालित किया गया है। उक्त विशिष्ट पाठ्यक्रम में प्रत्येक वर्ष मात्र 30 सीटें विद्यार्थियों के प्रवेश (Intake capcity) की ही व्यवस्था है। आहूत बैठक में उक्त पाठ्यक्रम के संचालन तथा दिव्यांग विद्यार्थियों के शैक्षणिक भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए मा0 सदस्यों द्वारा विश्वविद्यालय में पी0डी0सी0डी0 पाठ्यक्रम में सीटों की संख्या 30 से बढाकर 60 किये जाने पर इस पर होने वाले व्यय, शैक्षणिक व्यवस्था आदि के सम्बन्ध में समिति गठित किए जाने हेतु कुलपति, विश्वविद्यालय को अधिकृत किया गया, साथ ही मा0 परिषद द्वारा यह भी निर्देश प्रदान किए गए कि उक्त समिति शीघ्रातिशीघ्र अपनी आख्या निर्णायार्थ मा0 कुलपति/अध्यक्ष, मा0 विद्या परिषद के समक्ष प्रस्तुत करेगी। |

(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
लखनऊ



(Prof. R.K.P. Sin
Vice-Chancellor
Dr. Shakuntala Misra
National Rehabilitation University
Lucknow

| | |
|---|---|
| 4/21 | **उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उ0 प्र0 शासन के शासनादेश संख्या–1267/सत्तर–3–2021–16(26)/2011, दिनांक 15 जून, 2021 के अनुसार विश्वविद्यालय के संकायों के पुनर्गठन किये जाने के सम्बन्ध में।**<br><br>**निर्णयः–** उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उ0 प्र0 शासन के शासनादेश संख्या–1267/सत्तर–3–2021–16(26)/2011, दिनांक 15 जून, 2021 के अनुसार विश्वविद्यालय के संकायों के पुनर्गठन किये जाने के सम्बन्ध में मा0 विद्या परिषद में विस्तृत वार्ता की गयी। तत्क्रम में मा0 सदस्यों द्वारा उक्त प्रकरण को आगामी मा0 विद्या परिषद की आहूत बैठक में विचारार्थ प्रस्तुत किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए। |
| 5/21 | **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दु।** |
| (1) | **विश्वविद्यालय में अष्टम दीक्षान्त समारोह आयोजित किए जाने के सम्बन्ध में।**<br><br>**निर्णयः–** विश्वविद्यालय के अष्टम् दीक्षान्त समारोह के आयोजन के दृष्टिगत विभिन्न प्रकार की समितियों का गठन किये जाने हेतु कुलपति, विश्वविद्यालय को अधिकृत किया गया। |
| | किसी अन्य बिन्दु के अभाव में सधन्यवाद बैठक का समापन किया गया। |

(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव
डॉ० शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
लखनऊ

(Prof. R.K.P. Singh)
Vice-Chancellor
Dr. Shakuntala Misra
National Rehabilitation University
Lucknow